# प्रेस नोट
## जनपद सोनभद्र
## दिनांक 31.10.2025

**थाना रॉबर्ट्सगंज अन्तर्गत नौगढ़ पुलिया के पास गो तस्करों व पुलिस की मुठभेड़ में 01 नफर गो तस्कर को गोली लगने से घायल/गिरफ्तार कर कब्जे से 01 पिकप से 05 राशि गोवंश, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस किया गया बरामद-**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में जनपद में गो-तस्करी, अन्तर्राज्यीय गो-तस्करों तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.10.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना 04 पशु तस्कर एक पिकप से कुछ गोवंश को नौगढ़ रॉबर्ट्सगंज के रास्ते बिहार वध करने हेतु ले जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी टीम द्वारा दो अलग-अलग टीमे बनाकर तत्काल मौके पर पहुँचकर दोमुहिया पुलिया के पास घेराबन्दी की गई। जिसमें खुद को घिरता देखकर अपराधियों द्वारा भागने के प्रयास में पुलिस बल के उपर फायरिंग शुरु कर दी गई जिसमें आत्मरक्षा की जवाबी कार्यवाही में पुलिस बल द्वारा की गई फायरिंग में 01 अभियुक्त जितेन्द्र यादव पुत्र सवारथ यादव निवासी झरिया थाना चैनपुर जिला भभुआ बिहार के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल/गिरफ्तार हो गया है व कब्जे से 01 पिकप संख्या BR45GB 3416 में 05 राशि गोवंश, 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया एवं अन्य 03 अभियुक्त 1. इबरार 2. मल्लू 3. हजरत, अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय, लोढ़ी पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर दिया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि कैमूर बिहार में बैठे मेरे रिश्तेदार भगवान यादव व बलवन्त यादव द्वारा गोवंश तस्करी की पूरी प्लानिंग का षड्यन्त्र करके योजना बनायी गयी थी। हम लोग इन पांच राशि गोवंशों को घोरावल के पास से मिलकर लादे थे तथा नौगढ़ होते हुए बिहार ले जाकर वहां पर शातिर तस्कर क्रमशः नाटे, मुखिया और हाफिज को देते। इसकी पूर्व में भी कई बार हम लोग इसी योजना के तहत ले जाकर इन लोगों को दिये हैं। जिनके द्वारा वध के लिए पश्चिम बंगाल भेजा जाता है।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जितेन्द्र यादव पुत्र सवारथ यादव निवासी झरिया थाना चैनपुर जिला भभुआ बिहार।

## वांछित अभियुक्तगण का विवरण-

1. इबरार पुत्र अज्ञात 2. मल्लू पुत्र अज्ञात 3. हजरत पुत्र अज्ञात 4. नाटे पुत्र अज्ञात 5. मुखिया पुत्र अज्ञात 6. हाफिज पुत्र अज्ञात निवासीगण अज्ञात

## पुलिस मुठभेड़ में सम्मिलित पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री माधव सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
2. SOG प्रभारी उ0नि0 श्री राजेश कुमार चौबे मय टीम, जनपद सोनभद्र।
3. चौकी प्रभारी हिन्दुआरी श्री सुरेन्द्र सिंह मय टीम, जनपद सोनभद्र।
4. चौकी प्रभारी चुर्क श्री विनोद कुमार यादव मय टीम, जनपद सोनभद्र।
5. चौकी प्रभारी श्री रविकान्त मिश्रा मय टीम, जनपद सोनभद्र।

सोशल मीडिया सेल सोनभद्र